## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक विट्ठलराव महाले पंचतत्व में विलीन

**सौंसर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक हरिभक्त परायण विट्ठलराव महाले नही रहे। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक श्री महाले 77 का रविवार की सुबह हृदय गति रुकने के चलते निधन हो। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। रंगारी ठोका निवासी श्री महाले कांग्रेस के कन्हान क्षेत्र के कद्दावर नेता एवं विधायक रहे हैं। उनके द्वारा विधायक रहते हुए सौसर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के अनेक कार्य किए गए है।जिसका आज भी स्मरण किया जाता है।रविवार को ग्रह ग्राम के निज निवास से अंतिम यात्रा निकली गई। अंत्येष्टि कन्हान नदी के तट पर संपन्न हुई। इस अवसर पर रिश्तेदारों के अलावा सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक,राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर 2 मिनट का मौन धारण करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।श्री महाले के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ ने भी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा किपूर्व विधायक श्री महाले का निधन स्तब्ध करने वाला है। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, विधायक विजय चौरे, सहित सौंसर पांढुर्ना, छिंदवाड़ा सावनेर से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं ने पहुंचकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एकलौता पुत्र था घर में, पांच साल का बेटा और पत्नी सहित छोड़ गया परिवार,भाजपा जिला अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

# जिले का लाल विक्की पहाड़े आतंकी हमले में हुआ शहीद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जम्मू कश्मीर के पुंछ में वायु सेना पर हुए आतंकी हमले में छिंदवाड़ा की माटी में जन्मे विक्की पहाड़े शहीद हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने देश के लिए अंतिम सांस ली। विक्की 2011 से भारतीय वायु सेवा में सेवा दे रहे थे। जम्मू कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकी हमले में छिंदवाड़ा का बेटा भारतीय वायुसेना में हवलदार विक्की पहाड़े देश के लिए कुर्बान हो गया । 4 मई को जम्मू कश्मीर के पूंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में वायुसेना के पांच जवान घायल हुए थे। जिनको सेना के हेलीकाप्टर से उधमपुर आर्मी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था जहां देर रात जवान विक्की पहाड़े जो की मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा के रहने वाले थे, वह बुरी तरह से जख्मी हो गए थे इलाज के दौरान शहीद हो गए शहीद जवान पहाड़े अपने पीछे एक 5 वर्षीय पुत्र और पत्नी समेत अपने परिवार जन को छोड़ गए हैं.पुंछ में हुआ आतंकी हमला, 5 जवान हुए थे घायल जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एयरफोर्स के वाहनों के काफिले पर शनिवार शाम को आतंकी हमला हो गया था इस हमले में 5 जवान घायल हो गए थे घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां एक जवान की मौत हो गई थी वहीं जहां इलाज के दौरान जवान विक्की पहाड़े शहीद हो गए तीन जवानों का इलाज जारी है. अकारियों के मुताबिक, आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर गोलीबारी की थी आतंकियों ने ये हमला सुरनकोट के सनाई गांव में किया। तीन बहनों के बीच इकलौता बेटा था विक्की,15 दिन पहले ही बहन की गोद भराई में आया था घर 1 सितंबर 1990 को छिंदवाड़ा के नोनिया करबल में जन्मे विक्की पहाड़ी 2011 में भारतीय वायु सेवा में हवलदार के पद पर भर्ती हुए थे परिवार में तीन बहनों के बीच में इकलौता भाई देश के लिए शहीद हो गया उनके पिता डिमाकचंद पहाड़े का भी कुछ साल पहले निधन हो चुका है. उनके परिवार में उनकी मां, पत्नी और एक 5 साल का बेटा है शहीद जवान विक्की पहाड़े 15 दिन पहले ही अपनी बहन की गोद भराई के लिए छिंदवाड़ा में अपने घर आया था चुनाव ड्यूटी के चलते ही कुछ दिन बाद फिर से देश सेवा के लिए बॉर्डर के लिए लौट गया था अब फिर अपने बेटे के जन्मदिन में शामिल होने जून में आने वाले थे लेकिन कोई नहीं जानता था कि वह अब कभी नहीं लौटकर आएगा।

### आज सुबह छिंदवाड़ा आएगा शहीद का पार्थिव शरीर

जम्मू-कश्मीर के पूंछ में शहीद हुए छिंदवाड़ा के बेटे विक्की पहाड़े का पार्थिव शरीर देर शाम नागपुर पहुँच रहा है, जिसे सोमवार को सुबह करीब 9 बजे हवाई मार्ग से छिंदवाड़ा लाया जाएगा। हवाई पट्टी से शव को सत्कार तिराहे होते हुए नोनिया करबल स्थित घर ले जाया जाएगा। अंतिम दर्शन व रस्मों के बाद पार्थिव शरीर को जनता के दर्शनार्थ खुले वाहन में रखकर इंदिरा तिराहा, शहीद अमित ठेंगे चौक से होते हुए गर्ल्स कॉलेज के सामने से फव्वारा चौक, मेन रोड, छोटी बाजार, प्रतुलचन्द्र द्विवेदी चौक से मोक्षधाम ले जाया जाएगा। यहाँ राजकीय सम्मान के साथ शहीद विक्की पहाड़े का अंतिम संस्कार किया जाएगा। वहीं पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ ने भी शहीद हुए विक्की पहाड़े को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष बंटी साहू ने शहीद विक्की को अर्पित की श्रद्धांजलि

भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू को ग्वालियर चुनाव प्रवास के दौरान पुंछ आतंकी हमले में छिंदवाड़ा के सपूत, वायुसेना के जवान श्री विक्की पहाड़े जी के शहीद होने की अत्यंत दुखद खबर प्राप्त हुई। खबर प्राप्त होते ही भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू द्वारा प्रचार को स्थगित कर शहीद श्री विक्की पहाड़े को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं शोकाकुल परिवार से फोन पर बात कर संवेदना व्यक्त की । श्री विक्की पहाड़े को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि छिन्दवाड़ा शहर के नोनिया कर्बल निवासी, देश के वीर सपूत विक्की पहाड़े जी के जम्मू कश्मीर के पूंछ में हुए आतंकी हमले में शहादत की खबर से पूरे छिन्दवाड़ा में शोक की लहर है । मां भारती के लिए समर्पित अमर शहीद के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवारजनों को अपार दुःख सहने की क्षमता दें। पूरा छिन्दवाड़ा अपने अमर शहीद लाल के शौर्य और पराक्रम को सैल्यूट करता है। छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश और संपूर्ण राष्ट्र आपके बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा।

## विक्षिप्त महिला को मिली मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



दो दिनो से सड़क किनारे बैठी थी विक्षिप्त महिला समाजसेवी और पुलिस ने की मदद ग्राम पंचायत सिंगोड़ी ने भी पुलिस को लिखा था सूचना पत्र 108 एंबुलेंस की सहायता से ले जाया गया जिला अस्पताल हाथ पैर में दर्द के कारण महिला थी परेशान सोसल मीडिया पर खबर चलने के बाद आगे आए लोगसभी सजसेवियो और मदद करने वालो को धन्यवाद ग्राम पंचायत सिंगोड़ी मेन रोड ट्रांसफार्मर के पास आलोक जैन की किराना दुकान के सामने एक विक्षिप्त महिला दो दिनो से भीषण तेज धूप और गर्मी से परेशान थी जिसके हाथ पैर भी चोटिल थे।जिसकी खबर आज सोसल मीडिया पर खूब वायरल हुई तो खबर पढ़कर सिंगोड़ी के समाजसेवियों और पुलिस प्रशासन सहित 108 एंबुलेंस की मदद से उक्त विक्षिप्त महिला को जिला अस्पताल छिंदवाड़ा ले जाया गया। हालाकी उक्त महिला से रहवासी एरिया के लोग और बच्चे काफी डरे व सहमे हुए थे। आज उसे छिंदवाड़ा ईलाज हेतु ले जाने के लिए सिंगोड़ी के समाजसेवी पवनराव सोनी , निशंक जैन , जितेंद्र जैन ,पवन चौरसिया , बंटी पांडे,आलोक जैन , संजू जैन , जीतू जैन ,सहित अनेक लोगो का और सिंगोड़ी पुलिस प्रशासन का विशेष रूप से योगदान रहा सभी सहयोगियों का बहुत बहुत धन्यवाद जिन्होंने एक बेसहारा को सहारा देकर उसकी सहायता और मदद की।

## एक तरफ पानी की बर्बादी, दूसरी तरफ पानी को तरस रहे ग्रामीण

### ग्राम पंचायत कर्मियो की लापरवाही का खमियाजा भुगतने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



सिंगोड़ी में इन दिनों एक तरफ पानी की बर्बादी हो रही है तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीणजन गर्मी के दिनों में पानी के लिए मोहताज हो रहे है। मेन पाइप लाइन से कई लोगो को दिया नल कनेक्शन जवाबदार मौन।जहां एक तरफ भीषण गर्मी और उमस अपना तेवर दिखा रही है तो वही शादियों का सीजन भी चल रहा है ऐसे में ग्राम पंचायत कर्मियो की लापरवाही सिंगोड़ी की आधी से ज्यादा आबादी को 10 से 15 दिनो में नल जल सप्लाई करके पानी के लिए तड़पा रहे है। यहां के नई आबादी क्षेत्र एवं बस स्टैंड के पास वाले रहवासी इलाको में पानी की भारी किल्लत सामने आ रही है इस क्षेत्र में 10 से 15 दिनो में नल से पानी की सप्लाई किया जा रहा उसमे में इतनी देर पानी सप्लाई हो रहा हैं जो ग्रामीण अपनी जरूरत पूरी नहीं कर सकते। जबकि ग्रामीणों का कहना है की सिंगोड़ी में पानी की कमी नहीं है मगर पानी की सप्लाई 10 से 15 दिनो में करने का कोई कारण समझ से परे है।

### करोड़ों का फिल्टर प्लांट सोभा की सुपारी बना

सिंगोड़ी में पिछले कई सालों से करोड़ों का फिल्टर प्लांट सोभा की सुपारी बना हुआ है, पूर्व के समय यहां पर पीने के पानी की बिकराल समस्या को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 3 करोड़ से ज्यादा का फिल्टर प्लांट दिया था जो वजूद में भी है जिसको पानी पेंच नदी सहित कुआ एवं बोर से मिलता है ऐसे में सिंगोड़ी की आधी आबादी वाले क्षेत्र को पानी सप्लाई करने से केसे रोका जा सकता हैं ये समझ से परे है। वही जानकार बताते है कि ये बहुत बड़ी लापरवाही ग्राम पंचायत कर्मियो एवं बड़े संबंधित अधिकारीयो की है वे समय समय पर इन उपकरणों की जांच नही करते की इसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है या नहीं। बहरहाल जो भी हो जिला कलेक्टर ने हाल ही में समय सीमा की बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और पिए जल को लेकर सख्त निर्देश दिए थे मगर इन निर्देशों को भी मातहत अधिकारी नजर अंदाज कर रहे हैं प्रतीत होता दिख रहा है।

### मेन पाइप लाइन से कनेक्शन और पंचायत की लापरवाही

ग्रामीणों ने बताया कि सिंगोड़ी में कई वर्षों से मेन पाइप लाइन से सैकड़ो की तादात में पंचायत के द्वारा नल कनेक्शन दे दिया गया है ऐसे में सिंगोड़ी की आधी आबादी वाले क्षेत्र में पानी की कोई समस्या नहीं है और इसी क्षेत्र में बड़े स्थानीय नेता और सम्पन्य वर्ग निवास करता जिनके पास खुद का पानी बोर कनेक्शन है ऊपर से रोज नल से पानी सप्लाई हो रहा है। ऐसे में सिंगोड़ी की सबसे घनी बस्ती नई आबादी और बस स्टैंड का क्षेत्र जहां पानी सप्लाई करने में पंचायत को कई दिन लग जाते है तो लोगो के मन में यही आता है की गरीबों के लिए पानी सप्लाई करना भी मुश्किल लगता है पंचायत को, गौरतलब है की यही वो क्षेत्र है जहां अधिकतम मजदूर गरीब और मिडिल क्लास लोग निवास करते है जिनकी समस्या सुनने की कोई जहमत तक नहीं करता जो बड़ा दुखदाई प्रतीत होता है।

## धूमधाम से सेन समाज ने मनाई गई सेन जंयती



**बिछुआ।** रविवार को सेन समाज ईकाई बिछुआ द्वारा गायत्री मंदिर में 724वीं श्री नंदा जी सेन महाराज की (सेन जंयती)मनाई गई जहां मंदिर परिसर पर हवन पूजन कर श्री सेन महाराज जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजन पाठ किया गया एवं सामाजिक बंधुओं द्वारा एक दूसरे को सेन जंयती की बधाई दी गई एवं समाज के बंधुओं ने साथ प्रसाद,स्वल्पहार लिया एवं समाज के उत्थान कल्याण की योजना पर चर्चा की गई इसी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ सेन समाज अध्यक्ष ढिमाकचंद बंदेवार, समाजसेवी विशाल बंदेवार,नगर सेन समाज अध्यक्ष रवि शंकर श्रीवास,वरिष्ठ शिवप्रसाद श्रीवास,जिला युवा सेन समाज कार्यकारि अध्यक्ष प्रमोद श्रीवास,युवा सेन समाज ब्लॉक अध्यक्ष मोहीत श्रीवास,अनिल बंदेवार मौजूद रहे।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 255 मरीजों का उपचार

**उमरानाला।** आदर्श ग्रामोदय विद्यालय में आयोजित फ्री मेडिकल कैंप में रविवार को 255 मरीजों की जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया,25 लोगों का ईसीजी,10 लोगों के दांतो की जांच, 45 मरीजों का RBS., 65 लोगों का जनरल चेकअप, हार्ट के मरीजो की ईसीजी कर जांच की गई,60 लोगों के आंखो की जांच,ब्लड जांच के साथ ही मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन हेतु एशियन हॉस्पिटल छिंदवाड़ा भेजा गया, जिनका पूर्णतः निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा,इस शिविर में मानवता हॉस्पिटल की टीम,एशियन आई हॉस्पिटल की टीम,रूट केनाल डेंटल क्लिनिक की टीम, ने अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान की, इस अवसर पर प्रमुख रुप से रामकृष्ण चौरसिया,मेहमूद खान मौजूद रहे।

## यज्ञ के मंत्र उच्चारण के साथ श्री राम सत्ता का हुआ प्रारंभ

### आज होगा रामसत्ता के साथ सात दिवसीय महामृत्युंजय यज्ञ का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर की समीपस्थ ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला की पहली पायरी देवस्थली में स्थित मां काली मंदिर में सात दिवसीय श्री मृत्युंजय यज्ञ का आयोजन 30 अप्रैल से किया गया था 5 में को यज्ञ के मंत्र उच्चारण के बीच श्री राम सत्ता का शुभारंभ भी मंदिर परिसर में किया गया सोमवार 6 में को यज्ञ की अग्नि में पूर्णाहुति डाल मृत्युंजय यज्ञ का समापन के साथ ही श्री राम सत्ता का समापन भी किया जाएगा। महामृत्युंजय मंत्र का उच्चारण यज्ञ आचार्य पंडित राजेश शास्त्री उज्जैन, पंडित हरीश शास्त्री उज्जैन एवं पंडित जगदीश शास्त्री नर्मदा पुरम द्वारा किया गया। यज्ञ आयोजन नीरज सिंह राजपूत धनराज कुमरे सहित समस्त ग्रामवासी जुन्नारदेव विशाला ने विधानसभा क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता से यज्ञ समापन अवसर पर उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## संगीतमय भागवत कथा में उमड़ रहा जन सैलाब



**जुन्नारदेव।** नगर की समीपस्थ ग्राम पंचायत खापास्वामी के ग्राम छाबड़ी भुतहा में 2 मई से जारी भागवत कथा के तीसरे दिन 4 मई शनिवार को भागवत आचार्य पंडित रोहितानंद शास्त्री वृंदावन धाम द्वारा शिव विवाह, ध्रुव चरित्र एवं अजामिल चरित्र की कथा का बखान किया गया। शिव माता पार्वती विवाह के दौरान आकर्षक झांकी निकाली गई संगीत में भागवत कथा के दौरान भक्तगण बड़ी संख्या में बारात में झूमते नजर आए बैंड बाजे के साथ शिवजी की बारात भागवत स्थल पर पहुंची जहां पर बारात का भव्य स्वागत किया गया तथा के दौरान शिव माता पार्वती विवाह में बड़ी संख्या में ग्रामीण सहित नगरी क्षेत्र का जन सैलाब उपस्थित था।

## एसडीएम कामिनी ठाकुर ने लिया वालीबाल कैंप का जायजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

एसडीएम और तहसीलदार ने खिलाड़ियों से चर्चा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अपने उद्बोधन में एसडीएम सुश्री कामिनी ठाकुर ने कहा कि खेल से बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए बच्चों को पूरी इच्छा शक्ति के साथ मन लगाकर खेलने एवं राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर अपने माता-पिता का एवं जुन्नारदेव का नाम रोशन करने हेतु कहते हुए हौसला बढ़ाया। आज शिविर में उपस्थित 130 बालकों तथा 86 बालिकाओं में खेल के साथ पढ़ाई में भी आगे रहने पर खुशी जाहिर करते हुए प्रशिक्षकों की प्रशंसा की। ज्ञात रहे कि 1989 से प्रारंभ किये गए इस शिविर का शुभारंभ स्वर्गीय एस.एस. शर्मा एन आई एस कोच वॉलीबॉल के द्वारा किया गया था। जिसे उनके शिष्यों द्वारा लगातार शिविर लगाकर इस परंपरा को निभाया जा रहा है ।इसमें नगर के एवं आसपास के गांव के लगभग 300 खिलाड़ी छात्र-छात्राएं 9 मैदानों पर 50 बालों के साथ एक महीने प्रशिक्षण प्राप्त करते आ रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर में वॉलीबॉल विद्या की अंडर आर्म, अपर आर्म , सर्विस, स्किल के साथ-साथ व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास को भी विकसित करने का प्रयास किया जाता है ।

### महंगी निर्माण सामग्री बेचने वाले थंब मशीन से कमीशन के साथ निकल रहे मनमानी राशि

## प्रधानमंत्री जन धन योजना में भारिया आदिवासियों के साथ हो रही लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत विशेष पिछड़ी भारिया जनजाति आवास योजना के तहत पक्के आवास बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बनाई गई योजनाओं के तहत ग्राम पंचायत तामिया में 93 आवास स्वीकृत हुए हैं और लगभग बनकर तैयार होने ही वाले है। लेकिन इन भोले भाले भारिया आदिवासियों के जन मन योजना में बनने वाले आवासों में दलालों ने निर्माण सामग्री बेचने के नाम पर उनसे बाजार भाव से दो गुना भाव पर सामग्री टिकाने लगे जिसमें महंगी रेत खरीदने की शिकायत कलेक्टर छिंदवाड़ा को भी हितग्राहियों ने दी है। वहीं निर्माण सामग्री बेचने वाले हितग्राहियों से पैसा लेने के लिए थंब मशीन लेकर हितग्राही के घर पहुंच जाते हैं और हितग्राही का अंगूठा लगवा कर बेची गई निर्माण सामग्री का भुगतान मनमाने तरीके से निकलवाते हैं। ऊपर से 10 हजार रुपए पर 300 अतिरिक्त शुल्क भी जनमन आवास के हितग्राही को महंगी निर्माण सामग्री के साथ-साथ अंगूठा लगाने का भी 300 अतिरिक्त देना पड़ रहा है जिससे उनको मकान बनाने में बजट गड़बड़ा रहा है।

यदि निर्माण सामग्री बेचने वाले दलाल एवं थंब मशीन से अनावश्यक रूप से भुगतान निकालने वालों की जांच की जाएगी तो पता चलेगा कि निर्माण सामग्री और भुगतान किस थंब मशीन धारक के खाते में गया है। बाजार भाव से दोगुने दाम पर निर्माण सामग्री बेचने पर कार्यवाही होगी और हितग्राही को आवास के लिए मिलने वाली राशि का सदुपयोग होगा, क्योंकि कलेक्टर खुद हितग्राहियों से रूबरू हुए थे। उनके सामने महंगी निर्माण सामग्री खरीदने की बात सामने आ चुकी है। लोहा, सीमेंट, रेत बेचने वाले एवं थंब मशीन से पैसा निकालने वालों की पतासाजी करेंगे तो तामिया मुख्यालय में बनने वाले आवासों में हितग्राही को लूटे जाने की बात सामने आएगी। इस तरह दूर दराज के आवासों में संगठित गिरोह निर्माण सामग्री महंगी दर पर बेचकर थंब मशीन से पैसा निकालने का बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हो सकता है।

## पुलिस की अनवरत धरपकड़ कार्यवाही के बावजूद भी बाज नहीं आ रहे रेत चोर

# दिनदहाड़े बिना दस्तावेजों के अवैध रेत परिवहन करते एक ट्रेक्टर ट्राली पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

जिला पुलिस कप्तान मनीष खत्री अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह एवं एसडीओपी सौरव तिवारी के निर्देशन में चौरई थाना प्रभारी संजय भलावी ने क्षेत्र में गुपचुप तरीके से हो रहे अवैध रेत.उत्खनन व परिवहन की रोकथाम के लिए एक बड़ा गोपनीय सूचना तंत्र तैयार कर धरपकड़ मुहिम चालू की। जिसके परिणाम अच्छे आने की आशा थीइस श्रृंखला में शनिवार सुवह 7 बजे गोपनीय तंत्र से पुख्ता सूचना प्राप्त हुई की ग्राम सिरेगांव के पास पेंच नदी से क्षेत्र के रेत चोर ट्रैक्टर में प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर सिंगना घाट से अवैध रूप से रेत भर रहे हैं जिन्हे चौरई थाने की गठित पुलिस टीम ,ने ग्राम सिरेगांव के पास सिंगना से एक ट्रेक्टर को घेरकर पकड़ा ट्रैक्टर चालक से रेत परिवहन




से संबंधित रॉयल्टी व अन्य आवश्यक दस्तावेज मांगे जो मौके पर उनके पास नहीं मिलने पर पुलिस दल ने ..प्रदीप पिता महासिंह वर्मा निवासी माचागोरा ट्रेक्टर मालिक , (ड्राइवर/मालिक सहित दोनो पर ) धारा 379,414,भा.द.वि. 3'4' सम्पति नुकसान निवारण 53 गौड़ अधिनियम, मोटर व्हीकल एक्ट 66,192, (3) एवं खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर ट्रेक्टर को पुलिस अभिरक्षा मे लिया है.उपरोक्त धरपकड़ कार्यवाही मे :-चौरई थाना प्रभारी संजय भलावीं,ए एस आई शैलेश ठाकुर, प्रधान आरक्षक गोपाल साहू, आरक्षक क्रमशः सतीश बघेल,राजपाल बघेल, हनुमत की सराहनीय भूमिका रही।

## गणेश मंदिर में विशाल भंडारे का किया आयोजन

**चौरई** : एक वर्ष पूर्व वार्ड वासियों द्वारा ड्रीमलैंड सिटी वार्ड नंबर 12 के मंदिर में रिद्धि-सिद्धि , भगवान श्री गणेश और साथ में माता पार्वती-शिव सह परिवार की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी एवम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर गणेश मंदिर समिति व वार्ड पार्षद श्रीमती फरजाना शहीद मंसूरी द्वारा हवन , पूजन , महा- आरती और विशाल भंडारा प्रसाद का आयोजन कराया गया। इस शुभ अवसर पर सभी भक्तगण एवम समस्त वार्डवासियों ने वृहद संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया व भंडारा भोजन प्रसादी ग्रहण किया, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से , वार्ड नंबर 12की पार्षद फरजाना मंसूरी, शहीद मंसूरी जी, मधु चौरसिया , अशोक विश्वकर्मा , प्रीतम ठाकुर , नीरज सोनवंशी , राकेश शर्मा , सुजीत सक्सेना , बाबू सोनी , महोबिया जी, अजय अवधिया, विक्की चौरसिया , नितिन सोनी, गगन सोनी, श्रीमती माधुरी चौरसिया , श्रीमती रेखा विश्वकर्मा , श्रीमती छाया सोनी श्रीमती आभा अवधिया , श्रीमती काजल चौरसिया , श्रीमती बबीता ठाकुर , श्रीमती एकता सोनवंशी, श्रीमती ममता भारती आदि उपस्थित रहे।



## खापा के ग्रामीण बिजली कटौती को लेकर हो रहे परेशान

**सौंसर।** बीते दिनों हुई ओलावृष्टि एवं आंधी तूफान के कारण ग्राम खापा एवं क्षेत्र में 10 दिनों से सिंचाई की बिजली बंद होने के कारण किसानो की फैसले सूख रही है।जिसके कारण किसान परेशान है।शुक्रवार को किसानों के साथ लेकरकांग्रेस नेता अल्केश बागड़े ने रामाकोना बिजली विभाग में जाकर बिजली विभाग के अधिकारी से बात की। एक विज्ञप्ति जारी करते हुए श्री बागडे ने बताया बीते दिनों हुई ओलावृष्टि आंधी तूफान और बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। इसके बाद में निरंतर ग्रामीणों के द्वारा मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी रमाकोना के अधिकारियों को



बिजली की समस्या से अवगत किया गया है। बावजूद इसके समाधान नहीं हो पा रहा है। रमाकोना में विभागीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए बिजली समस्या का समाधान करने की मांग की गई है। इस दौरान रविंद्र वाघमारे,रंजीत मडके, शंकर वाघमारे, इंदेश गजभिए, दशरथ किरणाके, अंकुश पाटिल, विकास उईके, रत्नाकर गजभिए, अरीफ बैग, देवदत्त गजभिए, आनंद सोमकुवर,आदि थे।

# सेवा देने वालों का जामसांवली मंदिर कमेटी ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम जाम सावली सभागृह में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर निशुल्क रूप से तन मन धन से सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं का एक समारोह में स्वागत सत्कार किया गया।स्वागत सत्कार समारोह के दौरान चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सांवली कमेटी अध्यक्ष धीरज चौधरी के द्वारा श्री हनुमान जन्मउत्सवपर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने और संपूर्ण देश से आए हुए हनुमान भक्तों को सुलभता पूर्वक दर्शन, सहायता तन मन धन से निस्वार्थ भाव से सहयोग करनेवाले वाले समस्त स्वयंसेवकोका प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इसके अलावा संस्था की ओर से भविष्य होने वाले आयोजनों में भी इसी प्रकार का साथ सहयोग देने के लिए विनंती करते हुएआभार व्यक्त किया है। इस दौरान हनुमान जयंती को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सेवाभावी सदस्य उपस्थित थे।

## छिंदवाड़ा में होगी 12 दिवसीय भरतनाट्यम कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय भरतनाट्यम नृत्य संस्था कला क्षेत्र चेन्नई से पारंगत छिंदवाड़ा के भरतनाट्यम नृत्य गुरु अमित डोले द्वारा एक भव्य भरतनाट्यम नृत्य का य ' शा ला स्थानीय जवाहर कन्या हाई स्कूल जेल बगीचा के सामने छिंदवाड़ा में 1 जून से 12 जून 2024 तक आयोजित की जा रही । यह वर्कशॉप दो स्तरोंए बिगनर्स और एडवांस बैच में विभाजित है। इस वर्कशॉप में महिलाओं के लिए एक स्पेशल बैच रखा गया है जिसके अंतर्गत उन्हें बॉडी कंडीशनिंग की एक्सरसाइज एवं ;श्री रामचंद्र कृपालु भजमनद्ध भजन पर नृत्य सिखाया जाएगा द्य भरतनाट्यम नृत्य के साथ नृत्य का मूल सिद्धांत ए संगीत का बुनियादी ज्ञान ए ताल का बुनियादी ज्ञान तथा नृत्य से जुड़ी पौराणिक कथा और मंदिरों का बुनियादी ज्ञान के साथ.साथ डांस से पहले और बाद में



वार्म.अप ए वार्म.डाउन और फ्लैक्सिबिलिटी एक्सरसाइज का सही तरीका सिखाया जाएगा। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जा एं गे । भ र त ना ट्य म सीखने के इच्छुक प्रतिभागी इस अवसर का लाभ उठाने हेतु तत्काल कार्यशाला हेतु अपना रजिस्ट्रेशन करावें। रजिस्ट्रेशन हेतु ए अमित डोलेए मैडम फैशन शॉप बुधवारी बाज़ार ए दिनेश भट्ट के घर न्यू पहाड़ी कॉलोनी महाराजा टेंट हाउस के पीछे गुलाबरा गली नंबर 18 छिंदवाड़ा में संपर्क करें ।

# समर कैंप में हो रही है हर दिन प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर के सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय में 12 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। संस्था से मिली जानकारी के अनुसार संस्था में 133 विद्यार्थियों के द्वारा समर कैंप में भाग लिया गया है।सीएम राइस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। समर कैंप बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास हो इसके अलावा विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं एवं कोर्स संबंधित जानकारी भी बच्चों को दी जा रही है ताकि भविष्य में वह अपने पैरों पर खड़े हो सके।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनुराधा परिहार दिनेश्वर गौतम ने किया। 1 में से शुरू हुआ यह समर कैंप आगामी 15 में तक विभिन्न प्रतियोगिता एवं खेलों के साथ में संपन्न होगा।इस दौरान उपप्राचार्य संजय गवनेकर श्रीमती वैशाली कोरडे, दिलीप विश्वकर्मा,वंदना देशभरतार, प्रियंका पटेल,दीप्ति पटेल,अंजू खरपूसे, नलिनी खंडाइत संजय पडोले,श्रीमती प्रतिमा कुमरे,जे.डी.मर्सकोले के द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से मिलने वाली राशि की आस

# हितग्राही अपने कच्चे मकान तोड़कर तम्बू में समय काटने के लिये हुये मजबूर







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

अक्सर सुना जाता है कि बारिश व गर्मी आने के पहले अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए मूक पशु व पक्षी भी घोषला तैयार कर लेते है कि उनके मासूम बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर न होना पड़े। मगर इस समय जिस शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि मकान विहीन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाली राशि की आस में अपने आशियानों को तोड़कर जिस तरह वह तम्बूओं के भरोसे अपना समय काट रहे है क्या वह आने वाली भीषण गर्मी का सामना कर पायेगे? क्योंकि इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस प्रकार से देश के प्रधानमंत्री द्वारा हर गरीब व कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों को पक्के मकान देने की जो योजना शुरू की गई है इस योजना से उन गरीबों के चेहरों पर मुस्कान तो दिखाई दे रही है जो कभी पक्के मकान में रहने की कल्पना तक नही कर सकते थें। मगर देश के प्रधानमंत्री द्वारा आवास योजना की शुरूआत करते हुए गरीबों के सपने को साकार करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। वही दूसरी ओर इस योजना के सही क्रियन्वयन को लेकर नगर पालिका व परिषदों से लेकर ग्राम पंचायतों द्वारा अपनाई जा रही कार्य प्रणाली के चलते देश के प्रधानमंत्री की यह योजना गरीबों को परेशानियों में डालते हुए दिखाई देने लगी है? क्योंकि क्षेत्र के अनेक हितग्राहियों द्वारा जिस प्रकार से अपने कच्चे आवासों को तोड़ते हुए पक्के आवास बनाने का जो सपना संजोकर रखा गया है उसे ग्रहण लगते हुए दिखाई देने लगा है? क्योंकि आवास योजना के नाम पर मिलने वाली राशि की आस में आवास विहीन होकर अपने मासूम बच्चों के साथ तम्बू में रहने वाले इन गरीबों द्वारा किसी भी प्रकार से ठंड का समय तो काट दिया मगर आने वाली दिनों में भीषण गर्मी की तपती दोपहरी कटना मुश्किल होने से नही चूक पायेगा? क्योंकि नगर परिषदों से लेकर ग्राम पंचायतों द्वारा जिस तरह से हितग्राहियों के खातों में राशि पहुंचने को लेकर कोताही बरती जा रही है उसके चलते अनेक हितग्राहियों के आधे अधूरे भवनों का निर्माण कार्य जैसे का तैसा पड़ा हुआ है तो दूसरी ओर अनेक लोगों का हाल इस तरह बना हुआ है कि लेंटर नही डलने से वह पन्नी डालकर निवास करते हुये देखे जा रहे है जिन्हें चिंता इस बात है कि आखिर कार वह आने वाले दिनों की भीषण गर्मी में मासूम बच्चों की सुरक्षा कैसे कर पायेगे? इस संबंध में प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल हितग्राहियों द्वारा बताया गया है कि कुछ समय पूर्व क्षेत्र के जिम्मेदारों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल हितग्राहियों को आवास पट्टे वितरण करते हुए कहा गया था कि उनके खातों में आवास निर्माण कराने के लिए शीघ्र राशि भी पहुंच जावेगी। मगर आवासों के निर्माण हेतु अभी तक खातों में राशि नही पहुंचने की बात को लेकर जब नगरी क्षेत्र में परिषद व ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत व जनपद के अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा यही कहा जाता है कि पहले आप लोग अपने पुराने कच्चे मकानों को तोडले इसके बाद भी आप लोगों के खातों में राशि डाली जावेगी। जिसके चलते अनेक हितग्राहियों द्वारा अपने आवासों को तोड़कर वह अपना निवासी तम्बू लगाकर कर रहे है। मगर इसके बाद भी हितग्राहियों के खातों में राशि नही पहुंचने के कारण हितग्राहियों को अनेक प्रकार की चिंताये सताने लगी है? इस संबंध में कुछ हितग्राहियों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर आरोप लगाते हुए बताया है कि संबंधित कार्य से जुडे हुये कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों के खातों में राशि पहुंचाने में पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है और अपने तिहैषी व मुह देखते हुए राशि पहुंचाई जा रही है जिसके चलते जहां अधिकारियों की इस कार्य प्रणाली के चलते हितग्राहियों में अधिकारियों के प्रति आक्रोश का वातावरण निर्मित होने लगा है? वही दूसरी ओर अधिकारियों द्वारा कुछ हितग्राहियों को तो इस योजना में इस प्रकार से शामिल कर लिया गया है जिनके पास कई एकड़ जमीन व पक्के मकान होते हुए भी उनके भवनों के निर्माण हेतु राशि प्रदान कर दी गई है। इतना ही नही जिन लोगों को आवास योजना का लाभ दिया गया है और उन्होंने अपने मकानों को बनाया गया है वह प्रधानमंत्री आवास योजना के नियमों के विपरित देखने मिल रहे है। क्योंकि प्रधानमंत्री आवास योजना के नियम अनुसार जिस व्यक्ति के पास पट्टा या फिर जमीन होती है उन्ही को इस योजना का लाभ दिया जाता है। मगर यहां पर तो प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि से बिल्डिगों के ऊपर बिल्डिगे बन रही है? यदि नपा से लेकर पंचायतों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये बनाई गई हितग्राहियों की सूची की निष्ठा के साथ जांच हो जावे तो निश्चित ही चौकाने वाली सच्चाई सामने आने से नही चूक सकती है कि आखिरकार शासन की राशि का किस प्रकार से बंदर बांट किया जा रहा है, जिसके चलते जहां शासन की इस योजना से सही पात्र हितग्राही बंचित नजर आ रहे है और अपात्रों को लाभ मिलने से उनके आवास तैयार हो रहे है? इस प्रकार से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हर झोपड पट्टी वाले लोगों को पक्के आवास देने के लिए संजोये गये सपने को अधिकारियों द्वारा धडल्ले से ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है? इस तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों द्वारा खाई जाने वाली मलाई को लेकर तहसील से लेकर जिला स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा भी पूर्णरूप से चुप्पी साध ली गई और इसी का परिणाम है कि इन कर्मचारियों की मनमानी पूर्णरूप से हाबी होते चली जा रही है।

## पक्के बिल देने से कतरा रहे व्यापारी

**गाडरवारा।** शहर सहित क्षेत्र के बाजारों में बढ़ रही बाजारो की चकाचौंध बढ़ने के साथ ही आस पास के गॉवो में स्थित दुकाने भी आधुनिक दौर की मनचाही चीजो से सजने लगी है, जीवन शैली बदलने, उपभोक्ता वादी संस्कृति की वजह से बाजार का विस्तार हो रहा है, यह बात अपनी जगह सही है किन्तु हकीकत यह है कि चमकते, दमकते बाजार में वर्तमान में उपभोक्ता की हैसियत ऐसी आदमी की रह गयी है, जो चुपचाप बिना मोलतोल किए अपनी जरूरी की चीजें खरीदकर घर वापिस हो जाते है, जाहिर है व्यापारी मुनाफा कमाने के चक्कर में इतनें संबेदन हीन हो गए है कि उन्हे उपभोक्ताओं को हितों को नजर अंदाज करने में मजा आ रहा है, जिसका नतीजा है कि उपभोक्ता ठगे जा रहे है और कई तरीकों से उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है? बाजार में पत्थरो के बॉटो का चलन बरकार है, डिब्बे सहित मिठाईयॉ तौली जा रही है, एक ही चीज पर विभिन्न तरह के लेबिल लगाकर उन्हे बेरोक टोक बेचा जा रहा है? लुभावने विज्ञापनो के जरिए बिना गारंटी की वस्तुएँ थमायी जा रही है, यही नहीं कोई भी सामान खरीदने पर आमतौर पर व्यापारी पक्का बिल देने से कतरा रहे है, जिससे शासन को प्रतिदिन लाखों का चूना लग रहा है, वही दूसरी ओर इन बातों से अंजान बना प्रशासन मूक दर्शक बनकर उपभोक्ताओं के हितों पर लगातार प्रहार होने का तमाशा देख रहा है, जिसके चलते आये दिन आम उपभोक्ता लुटने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है?

## किसानों को सिंचाई के लिये मिल रही महज दो घंटे बिजली, इस स्थिति में कैसे उभर पायेगी

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** इस बात से इंकार जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा अपने बिलों की बसूली न की जावे वह तो बिजली बिलों की बसूली करने में कोई कसर न छोड़े मगर किसानों को बिजली भी तो उपलब्ध कराई जावे बगैर बिजली दिये हुये बिलों की बसूली क्या उचित है? क्योंकि इन दिनों बिजली विभाग द्वारा किसानों से बिलों की बसूली तो लगतार की जा रही है मगर उन्हें मात्र चंद घंटे बिजली उपलब्ध कराये जाने से वह अपनी जिन्दगी कैसे संभाल पायेगे। क्योंकि गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कौड़िया, सिहोरा, सडूमर, भौरझिर सहित आसपास के अनेक गांवों के किसानो को सिचाई के लिये महज दो घंटे बिजली ही नसीब हो रही हे इससे अंदाजा लगाया जा सकता हे की किसान कैसे अपनी फसलो की सिचाई कर पाते होगे इन ग्रामो के किसानो का कहना हे की उनके क्षेत्र की बिजली सफलाई जोड़ी गयी हे जो काफी लम्बी दुरी तय करती है जिसमें आये दिन खराबी होने के कारण बंद होने के बाद सुधार नही हो पाता है। वही बताया गया हे की रात में बमुश्किल दो घंटे ही सिचाई के लिये बिजली मिल पाती हे जिससे खेत की एक शिफ्ट भी पूरी तरह से सिचाई नही हो पाती है जिसके चलते खेतो में खड़ी हुई मूंक फसल खराब होने से नही बच पा रही है। यहां के अनेक किसानो ने अपनी जानकारी में बताया की दिन में भी इसी तरह के हालात बनते है कि दिन के समय अधिकतर बिजली की कटोती कही मेन्टेनेस के नाम पर तो कही लाइन खराब होने का बहाना बनाकर काटी जाती है। क्योंकि इस समय देखा जावे तो किसानों के खेतो में जहां मूंग फसल लगी हुई तो अनेक किसानों ने अन्य प्रकार की फसलों की बोनी कर दी गई है जिसे इस समय पड़ रही गर्मी के दौरान सिंचाई की जरूरत है मगर किसानों को मात्र चंद घंटे ही बिजली उपलब्ध होने से फसले खराब होते हुये नजर आने लगी है। इस तरह अनेक गांवों में बोल्टेज की समस्या के चलते किसानों के नलकूपों की मोटरे ही नही चल पा रही है अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि किसान अपने खेतों की सिंचाई कैसे कर पायेगे। जबकि देखा जावे तो बिजली विभाग द्वारा जिन किसानों के बिल बकाया है उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुये उनकी कुर्की करने में कोई कसर नही छोड रहा है तो दूसरी ओर यदि बिल जमा करने में एक दिन की देरी हो जाती है तो पेनाल्टी के साथ बसूली की जाती है मगर जब बिजली विभाग द्वारा निर्धारित मात्रा में बिजली उपलब्ध कराये जाने में बरती जा रही कताही के बाद भी बिजली विभाग पर कार्यवाही क्यों नही होती है।

# हेंड पम्प को बगैर जानकारी के नगर पालिका ने किया बंद, रहवासियों में आक्रोश



जिला मुख्यालय के छिंदवाड़ा चौक पर स्थित वर्षो पूरा हेंडपम्प को बगैर किसी जानकारी के बगैर किसी से बताए अचानक से छिंदवाड़ा चोक का पुराना हेंडपम्प को नगर पालिका परिषद ने बंद किया जिससे लगभग मंगलीपेट,छिंदवाड़ा चौक, फल-सब्जी मंडी तक के पानी लेकर जाते थे इस हेंडपम्प से नगर पालिका परिषद द्वारा चलाई जा रही नल जल योजना कभी भी बंद हो जाती है, इसी हेंडपम्प से पानी की पूर्ति होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इस भीषण गर्मी में जहाँ पर यात्रियो को पेयजल की कोई भी सार्वजनिक प्याऊ नही बनाया गया रहवासियों ने नगर पालिका के इस कृत्य से आक्रोश व्याप्त है। पानी की समस्या को लेकर जिला महामंत्री अजय डागोरिया, किसान मोर्चा के महामंत्री शिव सनोडिया, भीषण गर्मी में पानी की समस्या को देखते हुए जिला कलेक्टर को आवेदन देखकर पानी की समस्या से अवगत कराया पर यह दिनाँक तक नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी के कान में जु तक नहीं रेंगी जिससे दुकानदार, रहवासियों ने भीषण गर्मी को देखते हुए तत्काल हेंडपम्प को शुरू किया जाए। रहवासी नरेंद्र सनोडिया,विक्की कटारिया, नारायण प्रसाद,राहुल वर्मा,मु केश यादव,किशोर साहू, शुभम चोरसिया,सहित अन्य रहवासी।

# युवती और उसकी नानी की निर्मम हत्या, आरोपियों की तलाश में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के बरघाट थाना अंतर्गत जनमखारी गांव में डबल मर्डर की वारदात सामने आई है। रविवार सुबह पड़ोसियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को घर के अंदर आंगन में सो रही कान्ता बाई पति ईश्वरी प्रसाद राहंगडाले और उसकी नातिन करिश्मा पुत्री प्रताप कटरे का शव रसोई घर के पास मिला है। निर्मम हत्या को अंजाम देने के बाद अज्ञात आरोपित ने घर के अंदर के कमरे में आग लगाकर युवती के कपड़े व अन्य सामग्री को जलाने का प्रयास किया । जांच में घर के कमरों में आगजनी के निशान पाए



गए है। मृतक नातिन व नानी के सिर में किसी ठोस वस्तु से प्रहार किया गया है। सनसनीखेज वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह सहित बरघाट एसडीओपी ललित गठरे, फॉरेंसिक टीम व डाग स्क्वायड मौके पर पहुंच गए। डबल मर्डर के अज्ञात कारणों की छानबीन के साथ ही फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। बरघाट थाना प्रभारी मोहसिन सिंह बैस ने बताया कि युवती के माता-पिता नागपुर में ईट भट्टा में मजदूरी का कार्य करते है। जबकि घर में युवती के अलावा उसकी नानी रहती थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि शनिवार की रात 12 से रविवार सुबह 4 बजे के दरम्यान अज्ञात आरोपियों ने युवती और उसकी नानी की निर्मम हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस बल पूरी घटना की विस्तृत जांच कर वारदात की कड़ियों को जोड़कर आरोपियों का पता लगाने में जुटी हुई है।

# वारदाने की कमीः सरसों बेचने के लिए किसान लगा रहे समिति के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोहगांव सिंदरीया के द्वारा गोपालगंज स्थित बर्धमान वेयरहाउस में समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत रबी सीजन की चना/ मसूर/सरसो की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। यहां आए किसानों ने बताया कि सरसों की फसल को बेचने में 15 दिनो से अधिक का समय लग रहा है। बारदाने की कमी के कारण स्लॉट बुकिंग की तारीख भी निकल जाती है। खरीदी केंद्र प्रभारी ने बताया कि समय पर बारदाने ना मिलने के कारण किसानों को समस्या का सामना करना पड़ता है।

हमारे द्वारा लगातार बारदानों की मांग की जा रही हैं लेकिन बारदाने उपलब्ध नहीं कराये जा रहे है। इसी तरह नरेला स्थित वेयर हाऊस में भी यही स्थिति है जहां भी बारदाने की कमी से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**इनका कहना है**

जिले में 13 केंद्र बने हैं। कल ही 60 हजार बारदाने आये हैं और फिर कल और आ रहे हैं जो सभी केंद्रों में पहुंचा दिये जायेंगे।

मोरिशनाथ, उपसंचालक

# जमीन हथियाने के लिए रिश्तेदारों ने बनाया बच्चे का फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र, निसंतान महिला को दर्शा दिया मां

**जमीन हथियाने के लिए तीन लोगों ने एक बच्चे को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बना डाला। आरोपित कोई और नहीं बल्क सगे रिश्तेदार निकले। मामला कान्हींवाड़ा में सामने आया है।**

## कान्हीवाड़ा पुलिस ने तीन के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कान्हीवाड़ा।

पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसकी भाभी, देवर व देवरानी के खिलाफ धारा 419, 420, 465, 468, 471 और 120-बी के तहत मामला दर्ज कर किया है। इतना ही नहीं मामले में डीएनए की जांच की कार्रवाई भी हो रही है।

पुलिस के अनुसार कान्हीवाड़ा निवासी ज्योति पति स्व. सुनील कुमार सोनी के देवर महेश सोनी व देवरानी राजकुमारी उर्फ बब्ली सोनी व भाभी मधु सोनी ने हिनोतिया में 4.340 हेक्टेयर जमीन हड़पने भू अधिकार पुस्तिका में महेश सोनी के बेटे का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र लगा दिया। प्रमाण पत्र में माता-पिता के नाम की जगह महेश ने अपना व पत्नी का नाम न लिखवाकर अपनी भाभी ज्योति और भाई सुनील का नाम लिखवा दिया। जबकि शिकायतकर्ता ज्योति का कहना है कि उसकी कोई भी संतान नहीं है। पुलिस के अनुसार आरोपितों ने जो जन्म प्रमाण पत्र पेश किया है वह छिंदवाड़ा के एक निजी अस्पताल का है। आरोपितों के बयानों में भी विरोधाभास पाया गया। निसंतान होने के बाद भी आरोपितों ने ज्योति की उसे संतान होना बता दिया। जबकि ज्योति के पास न तो संतान गोद लेने के संबंध में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई और न ही उसने कोई प्रक्रिया अपनाई। आरोपितों ने जमीन हड़पने के लिए एक बच्चे का फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बना डाला। बच्चे की उम्र करीब 14 वर्ष है। वहीं ज्योति ने डीएनए टेस्ट की मांग की है।

# संत शिरोमणि भूराभगत जी की जयंती समारोह के परिपेक्ष्य मे समाज की बैठक सम्पन्न



केवलारी --भगवान शंकर के परम भक्त नाग वंश कतिया समाज के आराध्य संत शिरोमणि श्री भूरा भगत जी महाराज की 17 मई को जयंती उत्सव मनाये जाने को लेकर आज कृष्ण कुमार डोंगरे रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर के निवास पर बैठक का आयोजन कर निर्णय लिया गया कि श्री भूरा भगत जी महाराज की जयंती बृहद स्तर पर समाजिक बंधुओं की उपास्तिथी मे मनायी जायगी ।जिसमे सभी माताओ भाईयो से केवलारी पहूंचने की अपील की गयी है। बैठक के पूर्व संत शिरोमणि श्री भूरा भगत जी की पूजा ओर आरती की गयी ।इस मौके पर रमाशंकर महोबिया पत्रकार पूर्व महासचिव जिला कतिया समाज, के डोंगरे पूर्व सब इंस्पेक्टर ब्लाक उपाध्यक्ष कतिया समाज , विजय अर्जुनवार अध्यक्ष ब्लॉक कतिया समाज, रामकुमार बसगोतिया सरपंच झोला शिव भारद्वाज बारिष्ट उपाध्यक्ष कतिया समाज, सूर्यनारायण ग्यारसिया बिनैकी, भोला नागोत्रा ,जेंद्र ग्यारसिया, मनोज ग्यारसिया, नत्थू लाल भारद्वाज बगलई समाजिक पदाधिकारियों की उपास्तिथी थी।

## माँ भगवती का पाटोत्सव परासपानी में

केवलारी - ग्राम परासपानी में वैशाख कष्ण पक्ष त्रयोदशी दिनांक - 06 मई 2024 दिन-सोमवार को अनंत श्रीविभूाति पचिमाम्नाय द्वारिका शारदा पीठाधीवर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराजश्री का आगमन हो रहा है। इस अवसर पर भगवती महिशासुर मर्दिनी का पाटोत्सव पूजा द्वितीय वर्ष का आयोजन किया जा रहा है अतः आप सहपरिवार पहुँचकर अमृतवर्षा का रसपान करें। आयोजक समिति नवदुर्गा सेवा समिति ने अधिक से अधिक भक्तजनों को पहुंचने की अपील की है।

# धूमा पुलिस टीम ने पकड़ा जुआ फड एवं सट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धूमा।

पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री राकेश कुमार सिंह द्वारा जिले मे हो रहे अवैध रूप से रूपये पैसौ का दांव लगाकर जुआ का खेल कराने वालो के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन मे थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया ।

इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई की कुछ लोग अवैध रूप से रूपये पैसौ से दांव लगाकर जुआ खेलकर अवैध रूप से धन अर्जित कर रहे है प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री राकेश कुमार सिंह के आदेशानुसार श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री जी डी शर्मा एवं श्रीमान एसडीओपी लखनादौन महोदय श्री अपूर्व भलावी के निर्देशन मे थाना धूमा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र के जरिये कहानी तिराह धूमा के पान टपरा के पास अवैध रूप से खिलाये जा रहे सट्टा को रेड किया जो सट्टा संचालक रज्जू पिता रामसेवक पटेल उम्र 38 साल निवासी संतनगर धूमा से सट्टा पट्टी, कार्बन पेन एवं 1050/- रूपये नगद की विधिवत जप्ती की गई। एवं आरोपी के विरूद्ध धारा 4 (क) सट्टा एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। इसी दौरान पुनः सूचना प्राप्त हुई की ग्राम बंजारी मे टावर के पास कुछ लोग तास फ्तो पर रूपये पैसो का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है जो मुखबिर के बताये स्थान ग्राम बंजारी मे टावर के पास जाकर जुआ रेड कार्यवाही कर जुआडियान (1) ज्ञानीलाल पिता सुकराम उड़के उम्र 40 साल, (2) कादीर पिता आदुल खैन उम्र 35 साल (3) बहीद पिता अमईय खान उम्र 40 साल सभी निवासी बंजारी थाना धूमा के पकडे गये जुआडियानो के पास से एवं फड से कुल जुमला 3340 रुपये नगदी तथा 52 ताश के पत्ते की विधिवत जप्ती की गई। उक्त आरोपीयों का कृत्य अवैध रूप से रूपये पैसौ का दांव लगाकर जुआ का खेलने का अपराध घटित करना पाया जाने से आरोपीयों के विरूध्द धारा 13 जुआ एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। अप.क्र. 149/2024 नाम आरोपी रज्जू पिता रामसेवक पटेल उम्र 38 साल निवासी संतनगर धमा - 6 जप्ती मशरूका 1050/- रूपये - अप.क्र. 150/2024 धारा 4क सट्टा एक्ट - धारा-13 जुआ एक्ट नाम जुआरियान - (1) ज्ञानीलाल पिता सुकराम उड़के उम्र 40 साल, (2) कादीर पिता आदुल खैन उम्र 35 साल (3) बहीद पिता अमईय खान उम्र 40 साल सभी निवासी बंजारी थाना धूमा जप्ती मशरूका - 3340/- रूपये उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी धूमा उनि सतीश उइके, प्र.आर. 81 राजकुमार उड़के, आर. 617 सतीश ठाकुर, आर. 489 अरुण पटेल, आर. 636 भैय्यन अंसारी, आर. 500 रवि यादव, आर. 588 राजेश साहू का सराहनी योगदान रहा।

# साउंड प्रूफ ओवर ब्रिज- टिकाऊ विकास और वन्यजीव संरक्षण के महत्व को दर्शाताः आनंद महेंद्र

**पेंच टाइगर रिज़र्व के माध्यम से एनएच 44 के हिस्से, ऊंचे राजमार्ग की तस्वीरों का अद्भुत संयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसका निर्माण राजमार्ग के नीचे वन्यजीवों की निर्बाध आवाजाही की अनुमति देने के लिए किया गया था.. और यह शाही जानवर इसका पूरा फायदा उठा रहा है... इस प्रकार की टिप्पणी देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति महेन्द्रा समूह के प्रबंध निर्देशक एवं अध्यक्ष आनंद महेन्द्रा ने सिवनी होकर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के उस हिस्से पर अपने एक्स अकाउंटमें फोटो शेयर करते हुये व्यक्त की जहाँ एशिया का सबसे बड़ा अंडर पास साउंड प्रूफ ओवर ब्रिज वन्य जीवों की सुरक्षा को ध्यान में



रखकर बनाया गया है। कुरई एवं सिवनी के मध्य पेंच टाईगर रिजर्व, रूखड़ परिक्षेत्र बफर जोन के वन्य प्राणी स्वतंत्रता पूर्वक विचरण कर सके उनके संरक्षण और स्वच्छंदता में कोई खलल न हो इस सोच के साथ भारी बजट से यह ओवर ब्रिज बनाया गया । आज इसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। इसके लिये जिले के आमजनों ने और जनप्रतिनिधियों ने एकजुटता के साथ बड़ी लड़ाई लड़ी तब यह संभव हुआ । महेन्द्रा समूहा के प्रबंध निदेशक एवं अध्यक्ष आनंद महेन्द्र ने मध्यप्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व से ली गई है फोटो शेयर की है जिसे देश के बड़े मीडिया ग्रुपों ने प्रमुखता से प्रकाशित भी किया है। एक्स एकाउंट पर शेयर की गयी दो फोटो में दो बहुत ही सुंदर दृश्य दिखाई दे रहे है पहली तस्वीर में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 का एक ऊंचा रास्ता दिख रहा है, जो घने जंगल से होकर गुजर रहा है। जबकि दूसरी फोटो में एक शानदार बाघ इसी ऊंचे रास्ते के नीचे से गुजर रहा है। दरअसल, ओवर ब्रिज के नीचे अंडरपास बनाये गये है जिसमें से जंगली जीवों के आने-जाने में कोई परेशानी न हो ।

# छपारा पुलिस ने फर्जी पत्रकारों की टीम को किया गिरफ्तार, मानव अधिकार और मीडिया संस्थान के नाम से कर रहे थे वसूली

**पिछले कुछ दिनों से सिवनी जिले में कुछ फर्जी पत्रकार और फर्जी संस्था के लोग गिरोह बनाकर वसूली करने के लिए घूमते हैं। कुछ जगह उनके रौब से डरकर लोग उन्हें उपकृत कर देते हैं तो कुछ जगह उनका विरोध हो जाता है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

यह टोली अवसर धान खरीदी और गेहूं खरीदी के समय चार पहिया वाहनों से गांव गांव में घूमती है और वसूली अभियान चलाती है।

शनिवार को छपारा में एक ऐसा मामला सामने आया जब कुछ लोग एक चार पहिया वाहन से वाहन के रूम में पहुंचे और एजेंसी के संचालक से पैसे वसूलने का प्रयास किया व्यक्ति ने डरकर 4 हजार रूपया दिया जबकि एक शोरूम के कर्मचारी ने जागरूकता का परिचय जिसके बाद वह लोग पुलिस मेहमान बन गए। प्राप्त जानकारी अनुसार 04 मई 2024 को अनुपम चौकसे पिता शिवकुमार चौकसे उम्र 34 साल निवासी फॉरेस्ट कालोनी छपारा थाना छपारा सिवनी थाना पहुंचा और रिपोर्ट कराते हुए बताया की वह कम्पनी का अधिकृत सर्विस है। जब वह अपने बजाज शोरूम बैठा था तभी फोरव्हीलर महिन्द्रा एक्सयूवी 500 एम.पी. 04 सी क्यू 9411 सामने नंबर प्लेट के ऊपर अध्यक्ष राष्ट्रीय मानव अधिकार आर.टी.आई. जागरूकता (म.प्र.) **REGD.**

## मीडिया और मानव अधिकार संगठन के नाम से करने गए थे वसूली

**GOVT.OF INDI** 202001083300510 लिखा हुआ था शो एवं गाडी में ऊपर दो सायरन लगे हुये हैं, उस गाड़ी से चार लोग गाडी खडी एक करके शोरूम में आये और सभी ने दे बारी बारी से अपने परिचय पत्र दिखाया। परिचय देने वाले एक व्यक्ति दिया ने अपना नाम शंकरलाल पिता रामजी के पटेल राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आर, के टी. आई. जागरूकता संगठन का अधिकारी बताया। दूसरा व्यक्ति हीरालाल पिता हेमसिंह डेहरिया ने ब्लाक रिपोर्टर लखनादौन सिवनी जिला बताया, तीसरा व्यक्ति यशवंतसिंह दर्ज पिता उदलसिंह डहेरिया ने ब्लाक बजाज रिपोर्टर लखनादौन सिवनी बताया डीलर तथा चौथे व्यक्ति ने अपना परिचय पत्र में नहीं दिखाया। शंकरलाल पटैल एवं वाहन हीरालाल डेहरिया दोनों ने अनुपम क्रमांक चौकसे से कहा की धूमा में बजाज जिसमें फायनेंस वालों ने लोगों को बेवकूफ जिला बनाया है। इसी कारण से हमें अथॉरिटी एवं दी गई है कि सभी शो-रूमों में जाकर संगठन रिकार्ड चैक करें कहीं मानव **BY** अधिकारों का हनन तो नहीं हो रहा है गलती पाए जाने पर हम शो-रूम को सीज कर देते है। इसी बात की धमकी देते हुये उन्होंने अनुपम से 10 हजार रूपये देने की मांग करने लगे और कहा की हमें 10 हजार रूपये नहीं दोगे तो तुम्हारा शो-रूम सीज करा देंगे। तब अनुपम ने निवेदन करते हुये तुरंत 4000/- रूपये दिये, उसके बाद वे लोग अनुपम के शो रूम से सामने होण्डा शो-रूम में चले गये और वहां पर भी इसी प्रकार का भय दिखाकरमोहम्मद अनीश खान से भी 10 हजार रूपये की मांग किये, परन्तु उन्होंने कोई रूपये उन्हें नहीं दिये। इस पूरे मामले की जानकारी छपारा पुलिस को मिली तब पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए फोरव्हीलर वाहन महिन्द्रा एक्स यूवी 500 क्रमांक एम.पी. 04 सी क्य 9411 को बरामद कर उसमें आये चारों व्यक्ति शंकरलाल पिता रामजी पटेल निवासी ग्राम राठी थाना धूमा, हीरालाल पिता हेमसिंह डेहरिया निवासी ग्राम सेजवाडा थाना लखनादौन, यशवंतसिंह पिता उदलसिंह डहेरिया निवासी ग्राम डुंगरिया थाना लखनादौन एवं रमेश मरावी पिता कुंवरमल मरावी निवासी ग्राम राठी थाना धूमा जिला सिवनी को अभिरक्षा में लिया गया है और पुलिस ने उनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 201/24 धारा 384, 34, 188 भा.द.वि. का कायम कर चारो आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# मानव जीवन के भवसागर से जन्म मृत्यु के बंधन से मुक्ति प्रदान करने वाला एक मात्र सहारा भागवत महापुराण

**हरिभूमि न्यूज केवलारी** । समीपस्थ ग्राम सरेखा मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा के कथा व्यास पीठेश्वर ब्रम्हचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज ने -श्री मद भागवत कथा के अष्टम, नवम स्कंध कृष्ण जन्म कथा का वर्णन किया। कथा विश्राम से पूर्व कथा स्थल पर पहूंचे अनंत विभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का स्वागत ओर पादुका पूजन कर उपस्थित जनसमुदाय को आर्शिवचन के लिये विनय किया । स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि मोक्ष की कामना प्रत्येक मनुष्य करता है, लेकिन सभी को सही राह नहीं मिलती है। भागवत महापुराण कथा एक ऐसा मार्ग है जो प्रत्येक को मोक्ष की ओर ले जाती है। राजा परीक्षित को मिले श्राप से हुई मृत्यु के बाद भी कथा सुनने से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इसलिए कलयुग में मोक्ष की कामना करते है तो श्रीमद् भागवत महापुराण कथा से श्रेष्ठ मार्ग कोई नहीं है। इसे सरल भाषा मे ऐसे समझते हैं कलयुग मे संसार सागर से पार होने का उपाय भागवत कथा, संतो के दर्शन, सतसंग ,सतमार्ग का रास्ता तय करता है। आज कथा के चोथे दिवस मंच पर विराजमान अनंत विभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदापीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज ने सारेखा की कथा में कही।द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज ने मंच से उपास्तिथ जनसमुदाय को आर्शीवाद हुये कहा यह गांव गुरु देव महाराज से सीधा जुडा है यह गांव बहुत भाग्यशाली है, श्री ब्रम्हचारी जी के मुख से श्रीमद्भागवत कथा का उच्चारण सुख शांति समृद्धि प्रदान करता है। अपार जन समुदाय से कहा कि वर्तमान समय मे कुछ लोग छल प्रपंच कर धर्म का उपयोग कर लोगो को गुमराह कर रहे ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए।

# 10वीं कक्षा गणित विषय की पढ़ाई में मिलेंगे दो विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) इस सत्र से 10वीं में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब सीबीएसई (CBSE) की तरह मप्र बोर्ड(MP BOARD) में भी 10वीं के विद्यार्थियों को गणित की पढ़ाई दो विकल्प में करने का मौका मिलेगा। इसमें सामान्य (GENERAL MATHS) एवं उच्च गणित (HIGHER MATHS) होगा। अगर कोई विद्यार्थी 11वीं में गणित विषय लेना चाहता है तो वह 10वीं में उच्च गणित चुन सकेगा। वहीं जो विद्यार्थी(STUDENT) 10वीं के बाद गणित के बजाय कोई अन्य विषय लेना चाहता है तो उसके पास सामान्य गणित चुनने की आजादी रहेगी। 10वीं के बाद अगली कक्षा में गणित विषय वे ही बच्चे ले सकेंगे, जिन्होंने उच्च गणित लेकर परीक्षा (EXAM) दी होगी। परीक्षा फार्म भरते समय भी इस विकल्प को भरना होगा। मप्र बोर्ड इसके लिए पाठ्यक्रम भी तैयार कर रहा है। बता दें कि हर साल 10वीं में करीब 10 लाख विद्यार्थी शामिल होते हैं और इसमें करीब तीन लाख विद्यार्थियों को गणित विषय सबसे कठिन लगता है।

## CBSE में तीन साल से लागू

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यह पैटर्न (**pattern**) सीबीएसई स्कूलों में तीन साल पहले लागू हो चुका है। विद्यार्थियों को गणित कठिन लगता है। इस कारण माशिम ने गणित के दो विकल्प कर दिए। इसमें यह अवसर भी मिलेगा कि अगर किसी विद्यार्थी ने सामान्य गणित चुना है और वह परीक्षा पास कर लेता है तो अपने स्तर को सुधारने के लिए पूरक परीक्षा में उच्च गणित की परीक्षा दोबारा दे सकता है। गणित विषय में दोनों सामान्य व उच्च गणित के लिए अलग-अलग पाठ्यक्रम होंगे। इसके लिए माशिमं पाठ्यक्रम तैयार करेगा और यह सीबीएसई पैटर्न पर आधारित होगा । इसके लिए विशेषज्ञों की सलाह पर पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

## 45 वर्षीय व्यक्ति की कुएं में डूबने से मौत

पुलिस थाना केवलारी अन्तर्गत ग्राम परासपानी में 45 वर्षीय व्यक्ति की कुओं के पानी में डूबने से मौत हो गयी। मौत का कारण अज्ञात है, केवलारी पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में ले लिया गया है। थाना प्रभारी सी.एस. उइके से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम- परासपानी निवासी रमेश बघेल पिता बसोडी लाल उम्र-45 वर्ष, बीति रात्रि के समय घर के पीछे खेत में मवेशियों को भगाने के लिए गया था । जो देर रात तक वापिस नहीं आया । रात्रि से ही परिजनो व्दारा रमेश बघेल की खोज बीन की जा रही थी । घर के पीछे स्थित कुऑ में रमेश बघेल का शव आज सोमवार को सुबह के समय तैरता पाया गया । जिसकी सूचना परिजनो व्दारा पुलिस थाना केवलारी में दी गयी।

# जेल-सुधारालय के बंदियों की हुई हेपेटाइटिस की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत जिलों में बंद बंदियों की हेपेटाइटिस की जांच की गई। सिवनी की जेल में बंद बंदियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। जिसके चलते विशेष रूप से बंदियों की हेपेटाइटिस की जांच की गई। जिला जेल एवं बाल सुधारालय ग्रह में बंद बंदियों की हेपेटाइटिस की जांच डॉक्टरों द्वारा की गई। जिला जेल में बंद बंदियों में 253 एवं बाल सुधार वाले ग्रह में 79 बंदियों की जांच की गई। जांच के उपरांत पॉजिटिव आए बंदियों की कंफर्मेटरी जांच के लिए सैंपल भेजा गया। वहीं लखनादौन में




20 मई को शिविर का आयोजन भी किया जाना है। सीएमएचओ डॉक्टर जयपाल सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार जिले में बंद कैदियों की हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच के लिए मेडिकल की टीम गठित की गई। जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉक्टर वंदना कमलेश, जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर खेमकरण साहू के साथ लैब टेक्नीशियन देवी दयाल डेहरिया एवं आशीष तिवारी, फौजिया अंजुम, अशोक गोवंश, काउंसलर ललित सनोडिया, संपूर्ण सुरक्षा केंद्र पियर सपोर्टर आफरीन बानो सहित, सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू नितेश गुप्ता, उमेश सिसोदिया द्वारा हेपेटाइटिस की जांच के साथ-साथ एचआईवी, सिफीलिस, वीपी शुगर एवं टीवी की स्क्रीनिंग की गई। जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ वंदना कमलेश ने बताया कि ट्राइबल ब्लॉक में ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों की भी हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच के निर्देश दिए जा चुके हैं एवं गर्भवती महिलाओं की हेपेटाइटिस बी की जांच अनिवार्य रूप से करवाना है। ताकि होने वाले बच्चों में ट्रांसमिशन को रोक सके।

# नगर परिषद में पीएम आवास में 'महा घोटाला'

## अपात्रों को बांटे गए प्रधानमंत्री आवास

नगर परिषद कटंगी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में महा घोटाला हुआ है. इस महा घोटाले की अब परत-दर-परत खुलते जा रही है. सूचना का अधिकार अधिनियम से मिले दस्तावेजों के आधार पर जो जानकारी प्राप्त हुई है. उसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे है और आगे भी हो सकते है. फिलहाल तो इतना जान लीजिए कि नगर परिषद ने कई अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पहुंचाया है.

कटंगी।

निश्चित तौर जिन अपात्रों को लाभ पहुंचाया गया है. उन्हें लाभ पहुंचाने के एवज में अधिकारी और कर्मचारियों ने कुछ तो आर्थिक लाभ अर्जित किया ही होगा. कटंगी में प्रधानमंत्री आवास योजना में एक ही परिवार में तीन से चार सदस्यों को हितग्राही बनाकर योजना का लाभ दिया गया. जिसके पीछे हवाला दिया गया कि सभी सदस्यों के परिवार अलग-अलग है. कटंगी में इस कारनामे को तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नोड्ल अधिकारी उपयंत्री राजेश चौकसे और लिपिक अशोक दुबे और भौतिक सत्यापन करने वाली कंपनी के कर्मचारी ने मिलकर अंजाम दिया है.

### एक ही दिन में बन गए कई आवास

आरटीआई से मिले दस्तावेजों के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना के कई हितग्राहियों का एक ही दिन में आवास बनाकर तैयार कर दिया गया. जैसा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में भौतिक सत्यापन के आधार पर समय-समय पर नगर परिषद हितग्राही के खाते में किस्त जमा कराती है और पीएम आवास योजना के नियम के मुताबिक ऐसा होना भी चाहिए. आवास योजना के हितग्राही को पहली किस्त फाउंडेशन तैयार करने से पहले दी जाती है. दुसरी किस्त सज्जा स्तर और तीसरी किस्त आवास पूर्ण होने पर दी जाती है. मगर, कटंगी में कई ऐसे आवास है जिनका भौतिक सत्यापन एक ही दिन में किया गया और भौतिक सत्यापन के बाद राशि हितग्राही के खाते में जमा की गई. यह कारनामा कैसा हुआ यह तो भौतिक सत्यापन करवाने वाली कंपनी के कर्मचारी ही बता सकते है. एक बात तो बेहद साफ है कि नगर परिषद में पीएम आवास योजना में महा घोटाला हुआ है. जिसकी जांच करने पर वर्ष 2018 से 2022 तक के तत्कालीन सीएमओ, उपयंत्री और लिपिक पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है.

### आवासों का हो रहा व्यवसायिक उपयोग

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत शहर में केवल आवास ही अपात्रों को नहीं दिए गए बल्कि आवासों का व्यवसायिक उपयोग भी हो रहा है. गरीबी रेखा के अंतर्गत जीवन यापन करने वाले लोगों के अलावा धनाढ्य और संपन्न परिवारों को भी योजना का लाभ प्रदान कर दिया गया है. शहर में करीब 02 दर्जन से अधिक आवासों का व्यवसायिक उपयोग हो रहा है. इस बात की जानकारी नगर परिषद के अफसरों को भी होनी ही चाहिए. प्रधानमंत्री आवास योजना की एक हकीकत यह भी है कि इस योजना के तहत दो मंजिला इमारत भी बनाई गई है. जिसमें पहली मंजिल पर आवास और दूसरी मंजिल को किराए पर दिया जा रहा है. प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के मकानों को किराये पर देना और नगरपालिका की अनुमति के बिना उन्हें बेचना प्रतिबंधित है. शहर में इसकी क्या हकीकत है यह बात जगजाहिर है.

# कलार समाज ने की अंतर जातीय विवाह की खिलाफत

कटंगी।

डहरवाल कलार समाज बालाघाट संगठन ने अंतर्जातीय विवाह पर कड़ी आपत्ति जताई है और अब समाज के भीतर अंतर्जातीय विवाह करने वाले किसी भी युवक और युवती का सामाजिक तौर पर बहिष्कार करने का फैसला किया है. यह फैसला जिला और तहसील स्तर के पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से लिया गया है. कलार समाज की बैठक वारासिवनी में आयोजित की गई थी. इस बैठक में प्रांतीय, जिला और तहसील स्तर के पदाधिकारियों के साथ ही जिले भर के सभी क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विचारवान, सामाजिक गण मौजूद रहे. जिसमें समाज में अंतर्जातीय विवाह की बढ़ती चलन और समाज में इसके दुष्परिणाम पर लगभग चार घंटे तक विचार मंथन किया गया. बैठक में पदाधिकारियों ने अंतर्जातीय विवाह को सामाजिक विकृति और समाज के लिए घातक मानते हुए इस पर प्रतिबंध लगाए जाने की बात कही. जिस आधार पर अंत में सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया कि अभी तक अनजाने में समाज के किसी भी बेटे या बेटी ने अंतर्जातीय विवाह कर लिया है उन्हें क्षम्य किया जाए और हर माता-पिता अपने बच्चों को इस प्रकार के विवाह के दुष्परिणामों के प्रति आगाह करें और उन्हें संस्कारित बनाने का प्रयास करें. क्योंकि जिले भर के कलार समाज के लोगों की नजर में अंतर्जातीय विवाह समाज के भविष्य के लिए खतरनाक कदम है किंतु इसके बाद भी कोई बेटा या बेटी अपने माता-पिता की बात को न मानकर समाज में उनके मान-सम्मान की परवाह किए बिना समाज विरोधी कदम उठाते हैं तो ऐसे बेटे बेटियों को कतई सहयोग नहीं किया जाएगा. समाज ने सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया है कि समाज की दृष्टि में अंतर्जातीय विवाह समाज को विकृत करने वाला कदम है और यदि इसके बाद भी कोई बेटा या बेटी अपने माता-पिता की इज्जत और समाज के भय को दाव पर रखकर इस ओर कदम बढ़ाते हैं तो उन्हें समाज में कोई भी व्यक्ति कम से कम 5 साल तक अपने घर के किसी भी कार्यक्रम में आमंत्रित न करें ताकि समाज के अन्य बेटे-बेटियों को सबक मिल सके और उनमें अपने माता-पिता और समाज की मान-मर्यादा का भान हो सके, इसके अतिरिक्त इस संबंध में सारे निर्णय लेने का यानी परिस्थिति के आधार पर निर्णय को शिथिल करने या कड़े करने का अधिकार उस ग्राम की ग्राम समितियों के पास होगा, जो ऐसे प्रकरणों को समाज में रोकने के लिए, निष्पक्ष भाव से अपने विवेक के आधार पर, सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर समाज में फैल रही इस बुराई के प्रति लोगों को जागृत करें. डहरवाल कलार समाज के जिलाध्यक्ष शिवाजी बाविसताले, जिला सचिव प्रयागराज सुहागपुरे एवं जिला कोषाध्यक्ष किशोरी लाल डहरवाल ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी है.

# समतपुरी के रामेश्वर पटले को मिली पीएचडी की उपाधि

कटंगी।

कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम समतपुरी निवासी रामेश्वर पिता पुरुषोत्तम पटले को केंद्रीय विश्वविद्यालय, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंस, नागालैंड विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है. रामेश्वर पटले की इस उपलब्धि पर क्षेत्र की जनता में काफी हर्ष और उत्साह है. बता दें कि रामेश्वर पटले समतपुरी गांव के पहले ऐसे शख्स है जिन्हें पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि मिली है. गौरतलब है कि रामेश्वर पटले ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली द्वारा आयोजित परीक्षा एस.आर.एफ को उत्तीर्ण करने के बाद पीएचडी के लिए नागालैंड विश्वविद्यालय में 2019-20 प्रवेश लिया था. नागालैंड विश्वविद्यालय कैंपस स्कूल ऑफ़ एग्रीकल्चर साइंस के विभाग लाइव स्टॉक प्रोडक्शन एंड मैनेजमेंट के डॉ एन. सविनो के निर्देशन में रामेश्वर ने शोध शीर्षक बिहेवियरल पैटर्न ऑफ क्रॉसबिट कैटल इन रिस्पांस टु सीजनल वेरिएशन अर्थात मौसमी बदलावों के जवाब में संकर नस्ल के मवेशियों का व्यवहार पैटर्न होने वाले फिजियोलॉजिकल ब्लड हेमेटोलॉजिकल और बायोकेमिकल, हार्मोनल बदलाव पर शोध किया है. उन्होंने मवेशियों पर एक साल तक शोध करके पता लगाया की मौसम बदलाव के कारण मवेशियों का उत्पादन और अनुकूलन कैसे प्रभावित होता है और उचित प्रबंध करके मौसमी बदलाव से हो रहे प्रजनन दर और दुग्ध उत्पादन एवं फीड उपयोग दक्षता के नुकसान को कैसे उचित प्रबंधन द्वारा काम किया जा सकता. मौसम में बदलाव के कारण ब्लड कंपोजिशन को प्रभावित करता है. जिससे बीमारियां, प्रजनन और दाने की मात्रा पर खर्च अधिक बढ़ने लगता है. जिससे किसानों को असमय अतिरिक्त खर्च करना होता है. उन्होंने इसे कैसे उचित प्रबंध करके फार्म खर्च कम करके अधिक लाभ कमाया जा सकता है. मौसम में बदलाव कैसे पशुओं के ऋतु चक्र और थायराइड हार्मोन को प्रभावित करता है. इसे बताया है.

रामेश्वर पटले वर्तमान समय में एलएनसीटी विश्वविद्यालय, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंस भोपाल मध्य प्रदेश मे असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है.

# तिरोड़ी में राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन संपन्न

कटंगी।

क्षेत्र की मॉयल नगरी तिरोड़ी में शनिवार को प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साहित्य संगम द्वारा आयोजित 21 वें राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन के द्वितीय चरण में साहित्यकारों, समाजसेवी, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया. वहीं शाम को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. मॉयल लिमिटेड तिरोड़ी खान के खान प्रबंधक मनीष ढोके की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि, पूर्व सांसद प्रो. ओमपाल सिंह निडर के मुख्य आतिथ्य और अमित सिंह कार्मिक प्रबंधक, मनीष सूर्यवंशी संरक्षक, समीर शुक्ला मॉयल कामगार संगठन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. मॉयल लिमिटेड के विशेष अनुदान से प्रतिवर्ष होने वाले इस भव्य समारोह का मंच संचालन दिनेश देहाती ने किया.

### अतिथियों ने किया सम्मान

तिरोड़ी में डॉ राजा करैया स्मृति साहित्य भास्कर सम्मान संतोष शर्मा सागर, स्व. बद्रीनारायण चौकसे स्मृति साहित्य शिरोमणि सम्मान पंकज जोशी देवास, श्रीमती अंजना देवी रामचन्द्र कनोजे स्मृति साहित्य शशि सम्मान श्रीमती रंजना गौतम, उमरिया को दिया गया. स्व सुमन प्रकाश शाद स्मृति साहित्य शशि सम्मान डॉ बीना सिंह रागी भिलाई, मरहूम मुस्ताक अहमद मुश्ताक स्मृति उर्दू साहित्य सम्मान जनाब अकबर ताज, खंडवा, नवल किशोर सिंह साहित्य गौरव सम्मान विजय कुमार बघेले तुमसर, दिवंगत राम जी खोबरागड़े स्मृति बोधीसत्व बाबा साहेब अम्बेडकर सम्मान डॉ अशोक आजाद भोपाल , स्व नत्थु लाल जी जैन स्मृति कलम वीर सम्मान ओमपाल सिंह निडर फिरोजाबाद, साहित्य सेवा सम्मान अजय बोपचे घंसौर, कलमवीर सम्मान अमजद खान वरिष्ठ पत्रकार कटंगी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राधाकिशन चौकसे स्मृति साहित्य सम्मान एमानुएल दीप उकवा, स्व प्रतीकराज कनोजे स्मृति उत्साही युवा सम्मान डॉ लीना परिहार सागर, उत्साही युवा सम्मान कु. पायल ग्वालवंशी तिरोड़ी, उत्तम सामाजिक दायित्व निभाने वाले वरिष्ठ नागरिक जगदीश प्रसाद अग्रवाल, मधुकर रणदीवे को दिया गया. वहीं नगर प्रतिभा सम्मान 10वी- कु. मानसी गोविंद जमारे, 12वी- कु. मुस्कान धुर्वे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिरोड़ी, स्नातक कु. तस्लीमा खान, शासकीय महाविद्यालय तिरोड़ी को प्रदान किया गया. इसके बाद तृतीय चरण में शानदार अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ.

# पॉली क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन में चलाया जा रहा नर्सिंग होम

### एक व्यक्ति की मौत के बाद भी नहीं जाग पाया प्रशासन

**लांजी।** धर्मनगरी लांजी में बिना मानकों और लाइसेंस के अवैध रूप से पॉली क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन में दशन क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। जिसमें मरीजों को लूटने के साथ उनकी जान से खिलवाड़ का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। परंतु लांजी में प्रशासनिक निरंकुशता के कारण इस क्लीनिक के संचालक के हौसले दिनोदिन बुलंद होते जा रहे है और वह लगभग एक माह बाद पुनः क्षेत्र के लोगों की जान से खिलवाड़ करने अपने क्लीनिक पहुंच चुकी है। वहीं क्षेत्र में विगत 15 मार्च को इसी दशन क्लीनिक में बिसोनी निवासी ओमकार कर्राहे नामक युवक की मौत की इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद भी लांजी का प्रशासनिक अमला दशन क्लीनिक खुलवाने में इतनी जल्दबाजी करेगा यह किसी के गले नहीं उतर रहा है। उल्लेखनीय है नगर में दशन क्लीनिक पॉली क्लीनिक के नाम पर रजिस्टर्ड है परंतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से सांठगाठ का परिणाम है यहां पॉली क्लीनिक के नाम पर पूरा का पूरा अस्पताल चलाया जा रहा है। नाम के पीछे नर्सिंग होम या हॉस्पिटल शब्द न होने पर अधिकारियों का ध्यान भी नहीं जाता। जबकि स्वास्थ्य विभाग में इनका रजिस्ट्रेशन भी जरूरी है।

### डॉक्टर का अलग चैंबर, मरीज भी हो रहे भर्ती

लांजी में जैसे जैसे मेडिकल स्टोर्स और डॉक्टर्स के बीच कमीशन का खेल बढ़ा है। वैसे वैसे पॉली क्लीनिक का कल्चर अब यहां भी पैर पसार रहा है। इसमें मेडिकल स्टोर में ही एक चेंबर बना कर डॉक्टर ओपीडी करते हैं। डॉक्टर को मरीज की फीस मिलती है। जबकि मरीज दवा उसी मेडिकल स्टोर से खरीदता है तो मेडिकल स्टोर की भी बिक्री होती है। परंतु दशन क्लीनिक के मामले में मामला ही अलग है यहां क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन में लगभग 15 से 20 बिस्तरों का पूरा का पूरा नर्सिंग होम संचालित किया जा रहा है और प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है या यह कहा जाए की जानकर अनजान बन रहे हों। लांजी में पाली क्लीनिक के नाम पर रजिस्टर्ड दशन क्लीनिक संचालित किया जा रहा है जिसमें नियम विरूद्ध डॉक्टर वर्षा सिंह का एक अलग चैंबर भी है जिसमें वह मरीजों की जांच करती हैं फिर आवश्यकता अनुसार उन्हें अपने क्लीनिक में भर्ती भी करती हैं जो पूरी तरह गैरकानूनी प्रक्रिया है। वहीं दूसरी ओर यहां जो कर्मचारी कार्यरत है वह पूरी तरह ट्रेंड भी नहीं है जिन्हें मामूली वेतन पर रखा गया है और क्लीनिक के नाम पर फर्जी नर्सिंग होम चलाया जा रहा है। यहां कार्य करने वाली स्टाफ नर्स एवं कंपाउडर के पास न ही स्वास्थ्य सेवा से जुड़ा कोई जीएनटी, पीएनएसटी जैसे कोई भी कोर्स नहीं किया गया है जिससे उनकी मरीजों को देखने की काबिलियत पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता।दूसरी तरफ दशन क्लीनिक में अवैध पैथोलॉजी लैब भी संचालित है। इसके बावजूद शासन, प्रशासन और चिकित्सा अधिकारी द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

# जिले में मिलेट्स फसलों के क्षेत्र विस्तार करने पर दिया जोर





**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा व संयुक्त संचालक कृषि जबलपुर श्री के एस नेताम के मार्गदर्शन में कृषि विभाग की विभागीय कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव में रविवार को किया गया। कृषि विभाग के समस्त मैदानी अमले की उपस्थिति में एक दिवसीय खरीफ पूर्व कार्यशाला सह नवनियुक्त कृषि विस्तार अधिकारियों का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आगामी खरीफ सीजन की तैयारी के संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख डॉ आर एल राउत द्वारा उपस्थित जेएनजेवीवी जबलपुर से उपस्थित कुलसचिव श्री आर एस सिसोदिया, संयुक्त संचालक कृषि श्री के एस नेताम एवम उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया और केंद्र में संचालित कृषि संबंधी गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि श्री राजेश कुमार खोबरागड़े द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में बताया गया और सभी उपस्थित अधिकारियों को आगामी खरीफ सीजन में गुणवत्तापूर्ण आदान सामग्री किसानों को उपलब्ध हो इसके लिए सभी शासकीय और निजी कृषि आदान विक्रेताओं के विक्रय स्थल का निरीक्षण करने हेतु निर्देश दिए गए। कृषकों को समय पर बीज उपलब्ध हो सके इस हेतु समस्त तैयारी के संबंध में अधिकारियों को बताया गया। कार्यक्रम में जबलपुर से कृषि विभाग के संयुक्त संचालक श्री के एस नेताम द्वारा नवनयुक्त कृषि विस्तार अधिकारियों को संबोधित करते हुए विभागीय गतिविधियों एवम संचालित योजनाओं से अवगत कराया गया।

**मिलेट्स फसलों के विस्तार में दिया जोर-** कार्यक्रम में जिले में मिलेट्स फसलों के क्षेत्र विस्तार करने पर जोर दिया गया। साथ ही उत्पादित अनाज को कैसे मूल्य संवर्धित कर उनसे निर्मित उत्पादों का विक्रय कर कैसे अधिकतम आय प्राप्त की जा सकती है इस संबंध में बताया गया। कार्यक्रम में शामिल बीज उत्पादक समिति और कृषक उत्पादक समूहों के प्रतिनिधियों को गुणवत्तापूर्ण बीज का उत्पादन करने और अधिक से अधिक कृषकों को समूह में जोड़ने हेतु कार्य करने के निर्देश दिए गए और जैविक खेती पर अधिक से अधिक ध्यान देने हेतु सलाह दी गई। इसके पश्चात डॉ. उत्तम बिसेन द्वारा खरीफ फसलों में लगने वाले कीट व्याधि एवम पौध रोगों के पहिचान के लक्षण और उसकी रोकथाम के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन उपस्थित समस्त मैदानी अमले को दिया गया। इसके साथ ही ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई के लाभ और जल धारण क्षमता में होने वाली वृद्धि के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही कृषि महाविद्यालय वारासिवनी से उपस्थित डॉ अतुल श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम में बताया गया कि बीज शोधन और बीज उपचार कर बीज की बुआई करने से बीज में बीज एवम मृदा जनित रोगों से निजात पाया जा सकता है तथा प्रारंभिक अवस्था में कीट व्याधि से फसल को सुरक्षित रखा जा सकता है इसके साथ ही फसल में आने वाले हानिकारक खरपतवारो की पहिचन और उसके नियंत्रण के लिए तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया।

**किसानों को जलवायु अनुरूप होने चाहिए बीज उपलब्ध-** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर सी पटले ने बताया कि सेवा सहकारी समिति द्वारा केसीसी के माध्यम से कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाता है और बताया कि प्रत्येक समितियों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। जिससे कृषकों को एक जगह पर ही समस्त सुविधाएं मुहैया करवाई जायेगी। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय वारासिवनी डॉ एन के बिसेन द्वारा नवनियुक्त कृषि विस्तार अधिकारियों व अमले से अपील की गई कि किसानों को उन्नत बीज जो बालाघाट के जलवायु में अच्छा उत्पादन दे कि तकनीकी दी जावे हम सबको किसानों के लिए हमेशा कार्य करने की आवश्यकता है पर जोर दिया। डॉ शरद बिसेन द्वारा फसल विविधीकरण अंतर्गत उद्यानिकी फसलों को जोड़ने के साथ साथ किसान की आय में कैसे वृद्धि कर सके इसके उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री मनोज पटले सहायक मंडी निरीक्षक द्वारा कृषि उत्पादों के विपणन में विभाग की भूमिका को परिलक्षित किया।

**कृषि से संबंधित योजनाओं का ले लाभ-** सेवानिवृत्त सहायक संचालक उद्यानिकी श्री सीबी देशमुख द्वारा जिले में उद्यानिकी फसलों सम्भवनावो की चर्चा की गई। इसके पश्चात सहायक संचालक कृषि श्री विनय धुर्वे द्वारा उपस्थित अधिकारियों को मोबाइल एप के माध्यम से मिट्टी नमूना एकत्रीकरण के संचालन की प्रक्रिया को समझाया गया कार्यशाला में विभागीय अमले को इफको के जिला प्रबंधक द्वारा डॉक्यूमेंट बैग उपलब्ध कराए गए।

**कृषि अधिकारियों ने किया फसलों का निरीक्षण-** तत्पश्चात संयुक्त संचालक श्री नेताम उपसंचालक कृषि श्री राजेश खोबरागड़े डॉ राउत, एस ए डी ओ श्री मेघदूत परते, कृषि विकास अधिकारी श्री सुनील बागड़े , कृषि विस्तार अधिकारी श्री धर्मेन्द्र भिवगड़े, रंजना भालाधारे, दिव्या पटले द्वारा विकासखंड किरणापुर में लगी ग्रीष्मकालीन रागी, मूंग, तिल फसलों का किसानो के खेत में निरीक्षण कराया गया और खेत में लगे सोलर लाइट ट्रैप को दिखाया गया जिसमे किसान द्वारा इसके फायदे बताए गए। संयुक्त संचालक कृषि द्वारा बालाघाट जिले में किये गए नवाचारों पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING |CIVIL| MECHANICAL |ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की हुई मौत

**कटंगी।** तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोरेघाट के ग्राम हेटी में रविवार को रेत का परिवहन कर रहे ट्रेक्टर की चपेट में आने से एक बाइक चालक 24 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई. मृतक की शिनाख्त संदीप वघारे के रुप में की गई है. मिली जानकारी अनुसार हेटी निवासी संदीप पिता रामशंकर वघारे पेशे से ड्राइवर है और अभी विवाह में समारोह में शामिल होने के लिए अपने गांव आया हुआ था. रविवार को संदीप के परिवार में श्रीराम वघारे के पुत्र रोशन का रिसेप्शन समारोह और पुत्री रेशमा की शादी समारोह संपन्न होना है. बताया जा रहा है कि संदीप इस समारोह के लिए अपनी बहन को लेने के लिए बाइक से ग्राम देवनारा (महाराष्ट्र) जा रहा था. इस दौरान बावनथड़ी नदी से अवैध रेत उत्खनन के बाद परिवहन कर रहे एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने देवनारा के पास उसे टक्कर मार दी. जिससे संदीप बेहोश हो गया. जिसके बाद संदीप को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र तुमसर ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसकी मौत की पुष्टि की. इस सड़क हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया. वहीं विवाह समारोह की खुशियां भी मातम में बदल गई. हालांकि तय तारीख होने के कारण हेटी में साधारण तरीके से विवाह तो संपन्न होने की बात कहीं जा रही है लेकिन रिसेप्शन पार्टी नहीं की गई.

### हरीकथा और एकल की राजुल चौरड़िया को मिली दोहरी जिम्मेदारी

**बालाघाट।** एकल अभियान अंचल समिति की बैठक 4 मई को एकल कार्यालय में हुई। इस दौरान समिति के सदस्यों को नवीन दायित्व सौंपे गए। जिसमें एकल हरीकथा योजना ,और एकल उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी श्रीमती राजुल चौरडिया को दी गई है। इसके अलावा महिला समिति में अध्यक्ष श्रीमती श्वेता सेठिया, उपाध्यक्ष ज्योत्सना राठौर, कोषाध्यक्ष मनमीत कौर, सचिव प्रियंका बोथरा को मनोनित किया गया है। इसके साथ ही अंचल की मां का विशेष दायित्व दुर्गा राठौर और महिला समिति संरक्षक का दीपिका टांक को दायित्व सौंपा गया है। वहीं संवाद और संपर्क प्रभारी मीना बेन चावड़ा, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी दीक्षा शर्मा, आरोग्य प्रभारी मिताली दुबे, जागरण प्रभारी रीता पटेल, संस्कार प्रभारी श्वेता बोथरा को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक ने उपस्थित अंचल समिति के संरक्षक अभय सेठिया ने सभी नवीन पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की। एकल अभियान के अंचल अध्यक्ष गौरव दुबे ने बताया कि एकल अभियान के तहत आरोग्य योजना, ग्राम विकास, जागरण शिक्षा, संस्कार केंद्र और एकल विद्यालय चलाए जा रहे हैं। एकल विद्यालय, वनवासी और पिछड़े क्षेत्र की संपूर्ण विकास की योजना है। जहां आज भी सुदुरवर्ती इलाकों में शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। वहां अंचल एकल समिति इन्ही सब कार्यों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देती है। बैठक में अंचल समिति के साथ पूर्णकालिक सभी कार्यकर्ता, सभी 12 संचो के संच प्रमुख उपस्थित थे।

### डिब्बों एवं बोरियां में भरा लगभग 550 किलो महुआ लाहन किया जब्त

**बालाघाट।** मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी है। रविवार को आबकारी वृत वारासिवनी के द्वारा खैरलांजी क्षेत्र मे अलग अलग स्थानों से प्लास्टिक के डिब्बों एवं बोरियां में भरा हुआ लगभग 550 किलो महुआ लाहन जप्त कर 02 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया । सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया । जप्त सामग्री का बाजार मूल्य 55000 रूपये है। कार्यवाही मे वृत प्रभारी मायावती मरावी, आबकारी आरक्षक नरसिंह टेकाम ,भानु प्रताप एवं अनिता कुमरे उपस्थित रहे।